राजस्थान पुलिस अकादमी जयपुर में आयोजित हुआ रक्तदान जागरूकता एवं अभिप्रेरण सत्र

नेत्रदान तथा अंगदान के बाद अब राजस्थान पुलिस अकादमी ने रक्तदान के प्रति जागरुकता के लिए अभिप्रेरण सत्र आयोजित कर मानव सेवा के प्रति अपनी सोच को जाहिर किया है। विश्व रक्तदान के अवसर पर 14 जून 2017 को राजस्थान पुलिस अकादमी में यह सत्र आयोजित किया गया जिसमें बडी संख्या में प्रशिक्षकों व प्रशिक्षणार्थियों ने भाग लेकर रक्तदान के संबंध में भ्रांतियों, समस्याओं, सुझावों तथा समाधानों पर विशेषज्ञों से जानकारी प्राप्त की।

राजस्थान पुलिस अकादमी के लेक्चर थियेटर में आयोजित किए गए इस सत्र में वरिष्ठ चिकित्सक एवं उत्तर प्रदेश स्वास्थ्य सेवा से सेवानिवृत्त डॉ. ओ. पी. गुप्ता ने प्रतिभागियों को रक्तदान के संबंध में व्याप्त भ्रांतियों व समास्याओं के समाधान के बारे में जानकारी दी। डॉ. गुप्ता स्वास्थ्य कल्याण ब्लड बैंक से जुडे हुए है तथा रक्तदान के प्रति जागरुकता फैलाने का कार्य भी कर रहे है। इस सत्र में प्रतिभागियों ने बढ चढ कर भाग लिया तथा इस विषय पर अपने सुझाव भी दिए।

राजस्थान पुलिस अकादमी के निदेशक श्री राजीव दासोत ने डॉ गुप्ता का स्वागत करते हुए उनके द्वारा चलाए जा रहे अभियान की सराहना की। श्री दासोत ने रक्तदान के महत्व के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि रक्तदान किसी भी पीडित व्यक्ति के जीवन को बचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। उन्होने रक्तदान में प्राप्त रक्त की उपयोगिता को बढाने के लिए आधुनिकतम

तकनीकों के माध्यम से एकीकृत प्रणाली बनाने की आवश्यकता पर बल दिया ताकि जरुरतमंद को समय पर रक्त मिल सके।

कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि श्री सौरभ श्रीवास्तव, अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस पुर्नगठन ने डॉ ओ. पी. गुप्ता को राजस्थान पुलिस अकादमी की ओर से एक स्मृति चिन्ह भेंट कर उनका अभिनन्दन किया। कार्यक्रम में राजस्थान पुलिस अकादमी में पदस्थापित डॉ लोकेश चतुर्वेदी ने पूरे कार्यक्रम का समन्वयन करते हुए रक्तदान के संबंध में मूलभूत जानकारियां दी। कार्यक्रम के समापन पर सभी प्रतिभागियों को रक्तदान से संबंधित तैयार किए गए पम्पलेट अपने अपने क्षेत्र में जागरुकता फैलाने हेतु प्रदान किए गए।